प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 24 फरवरी से शुरु हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर राजनीतिक दलों ने शुरु की तैयारी, विधानसभा अध्यक्ष कल करेंगे सर्वदलीय बैठक।
2. गोड्डा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुरु हुआ दो दिवसीय महोत्सव, श्रम मंत्री ने कहा– कमजोर लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रयास जारी।
3. राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने चतरा में राजकीय इटखोरी महोत्सव का किया शुभारंभ, अगले वर्ष से इस महोत्सव को और भव्य बनाने की जतायी प्रतिबद्धता।
4. राज्य में मौसम में आया बदलावा, रांची और रामगढ़ समेत कई जिलों में आज सुबह हुई तेज बारिश, तापमान में गिरावट से फिर ठंड बढ़ने के आसार।
5. अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व रेलवे की टीम ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई को हराकर फाइनल चरण के लिए किया क्वालिफाई।

********************

झारखंड विधानसभा के 24 फरवरी से शुरु हो रहे बजट सत्र को लेकर राजनीतिक दलों और विधानसभा सचिवालय ने तैयारी शुरु कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कल सत्र के सुचारु संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायी है। इससे पहले वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं।

********************

गोड्डा जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना को लेकर संताल परगना प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीब व कमजोर लोगों को छोटे उद्योग के माध्यम से आथिर्क रूप से सबल बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उपायुक्त जिशान कमर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान 29 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

********************

धनबाद जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ 8 लेन सड़क के सभी अवैध कट बंद किए जाएंगे। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि लोगों की सुविधा से ज्यादा उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

********************

महाकुंभ मेले को लेकर धनबाद रेलवे स्टेशन पर उमड़ रही यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर उपायुक्त ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

********************

चतरा जिले में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव शुरु हो गया है। महोत्सव का उद्घाटन राज्य के पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। श्री कुमार ने अगले वर्ष इसे और भव्य बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

********************

आकाशवाणी रांची और रांची के बरियातू स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कल विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, आशुभाषण एवं प्रश्नमंच का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ।

********************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में 22 फरवरी से दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस दौरान विश्व का पहला डाक टिकट भी लोगों को देखने को मिलेगा।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम में बदलावा आया है। रांची, रामगढ़, बोकारो और जामताड़ा में आज सुबह तेज बारिश हुई। करीब 45 मिनट तक लगातार हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ठंड की वापसी का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 22 फरवरी तक गरज के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

********************

रांची के हटिया में चल रही अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व रेलवे ने इंटीग्रल कोच फैक्टरी चेन्नई को चार–एक से हराकर फाइनल चरण के मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया है। एक अन्य मैच में मध्य रेलवे मुंबई ने उत्तर–पश्चिम रेलवे राजस्थान को शून्य के मुकाबले ग्यारह गोल से पराजित किया। रेलवे कोच फैक्टरी कपूरथला और उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के बीच हुआ मुकाबला दो–दो की बराबरी पर रहा।

********************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के नौवें संस्करण में रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम का मुकाबला आज दोपहर दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह आज गुमला का एक दिवसीय दौरा करेंगी। इस दौरान वे विभागीय समीक्षा बैठक करेंगी।
- हजारीबाग स्थित मोती पालन क्लस्टर में मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में मोती पालन के आर्थिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं पर चर्चा हुई।
- फर्जी कृषि अधिकारी बनकर देवघर के लोगों के साथ ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर 10 लाख की ठगी करने का आरोप है।

********************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रेखा गुप्ता के दिल्ली की मुख्यमंत्री चुने जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम..30 साल में छात्र संघ से सत्ता का शीर्ष।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एनआरएचएम घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार।

प्रभात खबर के शब्द हैं– बीमार मां को घर में बंद कर पुत्र अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गया कुंभ, पुलिस ने ताला तोड़ बाहर निकाला।

दैनिक जागरण ने लिखता है– अगले वर्ष से दो बार होंगी 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं।

*************